रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सीईएन ०२/२०२६ - तकनीशियन ग्रेड। सिगनल और तकनीशियन ग्रेड III
CEN 02/2026 - Technician Grade I Signal and Technician Grade III

सत्यमेव जयते

Test Date	06/10/2026
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB Technician Grade III

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Mathematics**

Q.1 A और B एक संयुक्त उद्यम शुरू करने का निर्णय लेते हैं। यह निश्चित किया जाता है, कि A और B लाभ को 2:X के अनुपात में विभाजित करेंगे। यदि लाभ में B का हिस्सा ₹5976 है और वर्ष के अंत में कुल लाभ ₹9960 है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 3 B). 1 C). 5 D). 7

Correct Answer: A

Q.2 एक व्यक्ति स्थान A से स्थान B तक 10 m/s की चाल से X मिनट में यात्रा करता है। तत्पश्चात वह स्थान B से स्थान C तक 45 km/hr की चाल से Y मिनट में यात्रा करता है। यदि समय X और Y का अनुपात 2:3 है, तो संपूर्ण यात्रा के लिए औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 42 km/hr B). 40 km/hr C). 43.5 km/hr D). 41.4 km/hr

Correct Answer: D

Q.3 ₹25,000 मूलधन 16% वार्षिक दर पर निवेश किया जाता है। यदि ब्याज क्रमशः वार्षिक और अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित किया जाए, तो दोनों स्थितियों में 1.5 वर्ष के पश्चात अर्जित चक्रवृद्धि ब्याजों के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹172.80 B). ₹178.80 C). ₹164.80 D). ₹168.80

Correct Answer: A

Q.4 1452 m की वृत्ताकार दौड़ में, रमन 33 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है, और मोहन 66 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है। यदि वे समान दिशा में दौड़ रहे हैं, तो परिधि पर वे कितने अलग-अलग मिलन बिन्दु होंगे?

Ans A). 1 B). 5 C). 6 D). 4

Correct Answer: A

Q.5 6-अंकीय संख्या A678B3, 3 से विभाज्य है। (A+B) का न्यूनतम संभव मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 4 B). 1 C). 7 D). 3

Correct Answer: D

Q.6 प्रत्येक 7 cm त्रिज्या वाले तीन ठोस गोलों को पिघलाकर 7 cm त्रिज्या का एक बेलन बनाया जाता है। बेलन की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

Ans A). 30 cm B). 28 cm C). 32 cm D). 34 cm

Correct Answer: B

Q.7 एक बंद घनाभ की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई का अनुपात 4 : 3 : 2 दिया गया है, तथा इस घनाभ की ऊंचाई 14 cm दी गई है। घनाभ का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2548 B). 2528 C). 2598 D). 2498

Correct Answer: A

Q.8 एक लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में, क्रमशः हब X और हब Y द्वारा वितरित किए गए पार्सलों की संख्या का अनुपात 13 : 21 है। यदि हब X, 160 पार्सल अधिक वितरित करता है और हब Y, 240 पार्सल अधिक वितरित करता है, तो अनुपात 15 : 23 हो जाता है। हब X द्वारा मूल रूप से कितने पार्सल वितरित किए गए थे?

Ans A). 55 B). 65 C). 85 D). 75

Correct Answer: B

Q.9 अब से चार वर्ष पूर्व, अमन की आयु चमन की आयु की 9 गुना थी। अब से 4 वर्ष पश्चात उसकी आयु, उस समय चमन की आयु की 5 गुना होगी। अमन की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 82 B). 77 C). 79 D). 76

Correct Answer: D

Q.10 पाइप A और B एक टंकी को 12 घंटे में भर सकते हैं, पाइप B और C उसी टंकी को 14 घंटे में भर सकते हैं तथा पाइप C और A उसी टंकी को 15 घंटे में भर सकते हैं। तीनों को एक साथ 6 घंटे के लिए खोल दिया जाता है, उसके बाद पाइप B और C को बंद कर दिया जाता है तथा पाइप A अकेला खुला रहता है। पाइप A द्वारा टंकी के शेष भाग को भरने में लिया गया समय ज्ञात कीजिए।

Ans A). $6\frac{3}{5}$ घंटे B). $7\frac{4}{9}$ घंटे C). $9\frac{5}{13}$ घंटे D). $8\frac{6}{11}$ घंटे

Correct Answer: D

Q.11 यदि k का 20%, 10 के 2400% से 10 कम है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1110 B). 1190 C). 1150 D). 1130

Correct Answer: C

Q.12 A, B और C किसी प्रोजेक्ट को अकेले क्रमशः 12 दिन, 18 दिन, और 24 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि वे सभी मिलकर 4 दिनों तक काम करते हैं, तो प्रोजेक्ट का कितना भाग अधूरा रह जाएगा?

Ans A). $\frac{11}{18}$ B). $\frac{5}{18}$ C). $\frac{13}{18}$ D). $\frac{1}{18}$

Correct Answer: B

Q.13 रिया की आयु और आयुषी की आयु के दोगुने का योगफल 29 वर्ष है। रिया के पिता की आयु रिया की आयु की पाँच गुनी है, और आयुषी का भाई आयुषी से 2 वर्ष बड़ा है। रिया के पिता और आयुषी के भाई की आयु का योगफल 48 वर्ष है। आयुषी और रिया की आयु का योगफल (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 14 B). 23 C). 18 D). 21

Correct Answer: C

Q.14 किसी दुकानदार ने ₹3600 में एक शर्ट बेचकर 20% का लाभ अर्जित किया। शर्ट का क्रय मूल्य कितना था?

Ans A). ₹3200 B). ₹3000 C). ₹2800 D). ₹2880

Correct Answer: B

Q.15 यदि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो ₹2,000 की राशि पर 20% वार्षिक दर से 18 महीने का चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹662 B). ₹679 C). ₹650 D). ₹670

Correct Answer: A

Q.16 निम्नलिखित वर्गीकृत बारंबारता बंटन का बहुलक वर्ग 30–40 है, और बहुलक 35 है।

वर्ग अंतराल	10 – 20	20 – 30	30 – 40	40 – 50	50 – 60
बारंबारता	4	x	16	y	8

यदि कुल बारंबारता 50 है, तो क्रमशः x और y के मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 8 और 14 B). 11 और 11 C). 12 और 10 D). 14 और 8

Correct Answer: B

Q.17 जाह्नवी, ₹374 में एक खिलौना खरीदती है, उसकी सजावट पर ₹11 व्यय करती है और खिलौने को ₹140 में बेच देती है। उसका हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\frac{700}{11}\%$ लाभ B). $\frac{700}{11}\%$ हानि C). 700% हानि D). $\frac{710}{11}\%$ लाभ

Correct Answer: B

Q.18 ΔRST में $RS = 12$ cm, $ST = 10$ cm, $\angle RST = 50^\circ$ और $\angle SRT = (3y)^\circ$ है। एक अन्य ΔUVW में $UV = 12$ cm, $VW = 10$ cm, $\angle UVW = 50^\circ$ और $\angle VUW = (2y + 20)^\circ$ है। $\angle VWU$ की माप ज्ञात कीजिए।

Ans A). 50° B). 80° C). 70° D). 60°

Correct Answer: C

Q.19 91 में कौन-सी सबसे छोटी संख्या जोड़ने पर परिणामी संख्या, 60 के साथ सह-अभाज्य होगी?

Ans A). 5 B). 4 C). 3 D). 6

Correct Answer: D

Q.20 एक व्यक्ति, ₹57500 की धनराशि को 6% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 3 वर्ष के लिए निवेश करता है। 3 वर्ष पश्चात उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 68850 B). 67850 C). 10350 D). 11350

Correct Answer: B

Q.21 यदि $\frac{1 + \cos A}{1 - \cos A} = \left(\frac{m}{n}\right)^2$ हो, तो $\operatorname{cosec} A - \cot A$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $m + n$ B). $\frac{n}{m}$ C). $m - n$ D). mn

Correct Answer: B

Q.22 किसी विद्यालय ने एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसमें प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन 50 के पूर्णांक में से किया गया था। भौतिकी के प्रोजेक्ट्स के प्राप्तांकों का औसत 42 था और कंप्यूटर विज्ञान के प्रोजेक्ट्स के प्राप्तांकों का औसत 46 था। यदि सभी 40 प्रोजेक्ट्स के प्राप्तांकों का समग्र औसत 44.5 था, तो प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए गए गई भौतिकी के प्रोजेक्ट्स की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans A). 14 B). 12 C). 18 D). 15

Correct Answer: D

Q.23 एक पोल 12 m की छाया बनाता है, जबकि उसी समय पर 1.5 m लंबा एक लड़का 2 m की छाया बनाता है। पोल की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

Ans A). 9 m B). 12 m C). 6 m D). 15 m

Correct Answer: A

Q.24 मार्च महीने में शनिवार और रविवार को छोड़कर, एक डीलर द्वारा कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री 177 है। रविवार को कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री 151 है। यदि पहला शनिवार 3 मार्च को है और पूरे महीने के लिए कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री 148 है, तो शनिवार को कारों की प्रतिदिन औसत बिक्री कितनी होगी?

Ans A). 19 B). 18 C). 17 D). 23

Correct Answer: B

Q.25 एक स्टोर, 10% व्यापार छूट के साथ "5 खरीदें 2a मुफ्त पाएं" की योजना देता है। यदि ग्राहक को दी गई प्रभावी छूट 50% है, तो a का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 4 B). 3 C). 2 D). 1

Correct Answer: C

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.26 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). XVZ B). IGK C). GFI D). HFJ

Correct Answer: C

Q.27 A, B, C, D, E, F, G उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। E बाएं छोर पर बैठा है। A और C के बीच केवल दो व्यक्ति हैं। C, F और D के बीच बैठा है। B, E और F के बीच बैठा है। G, A के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। पंक्ति के दाएं छोर पर कौन बैठा है?

Ans A). D B). C C). E D). A

Correct Answer: D

Q.28 यदि HISTORY शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित कर दिया जाता है, तो कितने अक्षर/अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). तीन B). एक भी नहीं C). दो D). एक

Correct Answer: A

Q.29 उस युग्म का चयन करें, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दिए गए दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

STV−XYA
QRT−VWY

Ans A). FFG−JKM B). FGI−JLM C). FGI−KLN D). FFG−KLN

Correct Answer: C

Q.30 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

15 B 3 D 35 A 5 C 12 = ?

Ans A). 57 B). 52 C). 45 D). 50

Correct Answer: D

Q.31 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) H Y B V F B J I N U H O V E X G V C T E R K B M (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

Ans A). तीन B). एक C). दो D). एक भी नहीं

Correct Answer: A

Q.32 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
ACB–CED
WYX–YAZ

Ans A). HIG–JLK B). HJI–ILJ C). HIG–IKJ D). HJI–JLK

Correct Answer: D

Q.33 संख्या 3147958 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). तीन B). तीन से अधिक C). एक D). दो

Correct Answer: C

Q.34 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
12 B 3 D 24 A 4 C 2 = ? D 8

Ans A). 50 B). 40 C). 60 D). 30

Correct Answer: B

Q.35 दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

64 32 16 8 4 ?

Ans A). 1 B). 4 C). 3 D). 2

Correct Answer: D

Q.36 एक निश्चित कूट भाषा में, 'SHOE' को '2516' और 'ROSE' को '7126' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'R' का कूट क्या होगा?

Ans A). 7 B). 6 C). 5 D). 1

Correct Answer: A

Q.37 एक निश्चित कूट भाषा में, 'fan dust mop' को 'cs mz so' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'fog mop tune' को 'mz gi oz' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'mop' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाता है?

Ans A). cs B). gi C). so D). mz

Correct Answer: D

Q.38 अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

DEF, GHI, JKL, MNO, ?

Ans A). QRS B). PQR C). OPQ D). NML

Correct Answer: B

Q.39 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans A). PQ - SU B). UV - WX C). LM - OQ D). EF - HJ

Correct Answer: B

Q.40 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।
D विषम क्रमांक वाले किसी तल पर रहता है लेकिन तल क्रमांक 3 पर नहीं रहता है। A और D के तलों के क्रमांकों का योगफल 4 है। C और E के बीच केवल 3 व्यक्ति रहते हैं। F, B के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। B और C के तलों के क्रमांकों का योगफल 10 है।
A और E के तलों के क्रमांकों का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 8 B). 5 C). 7 D). 6

Correct Answer: B

Q.41 यदि शब्द JOURNEY के अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार अक्षरों के नए विन्यास के पहले और अंतिम अक्षर के बीच वर्णानुक्रमिक स्थिति में (अंग्रेजी वर्णमाला में) कितना अंतर है?

Ans A). 10 B). 20 C). 15 D). 5

Correct Answer: B

Q.42 एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
5 खंभों W, O, K, G और Y में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, किस खंभे की लंबाई सबसे अधिक है?

कथन:
I. K की लंबाई केवल एक खंभे की लंबाई से अधिक है। G की लंबाई, O की लंबाई से कम है लेकिन W की लंबाई से अधिक है।
II. G की लंबाई, Y की लंबाई से अधिक है।

Ans A). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) पर्याप्त हैं।
B). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन I में दी जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी जानकारी पर्याप्त नहीं है।
C). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त नहीं हैं।
D). प्रश्न का उत्तर देने के लिए, अकेले कथन II में दी जानकारी पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी जानकारी पर्याप्त नहीं है।

Correct Answer: A

Q.43 सात डिब्बे M, N, O, P, Q, R और S एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन ज़रूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। Q और O के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। P के ऊपर केवल N रखा है। O के नीचे कोई डिब्बा नहीं रखा है। S को R के नीचे किसी स्थान पर लेकिन M के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। M के ऊपर तीसरे स्थान पर कौन-सा डिब्बा रखा गया है?

Ans A). P B). O C). R D). N

Correct Answer: C

Q.44 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) F & I T @ J Y C * A # U K L P $ B M (दाएं)
यदि शृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाएं से छठा होगा?

Ans A). B B). P C). K D). U

Correct Answer: D

Q.45 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथन में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

5 स्तंभों B, F, R, T और X में से प्रत्येक की ऊंचाई अलग-अलग है, इनमें से कौन-सा स्तंभ सबसे ऊंचा है?

(I) B, T से ऊंचा है लेकिन X से छोटा है। B केवल एक स्तंभ से छोटा है।
(II) T, F से ऊंचा है।

Ans A). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

B). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

C). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

D). कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

Correct Answer: A

Q.46 रीक बिंदु A से चलना प्रारंभ करता है और दक्षिण की ओर 6 km चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 9 km चलता है, फिर वह बाएं मुड़ता है और 16 km चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 18 km चलता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है और 10 km चलकर बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). 9 km, पूर्व की ओर B). 10 km, पश्चिम की ओर C). 8 km, उत्तर की ओर D). 7 km, दक्षिण की ओर

Correct Answer: A

Q.47 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 24 का संबंध 96 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 28 का संबंध 112 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 36 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 156 B). 144 C). 132 D). 168

Correct Answer: B

Q.48 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि कोई भी शर्त पूरी नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक	2	@	8	#	5	%	1	&	7	$	4	+	9	6
कूट	B	M	U	R	K	T	H	F	P	D	A	L	W	Q

शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है, तो तीसरे अवयव को © के रूप में कूटबद्ध करें।
(ii) यदि दूसरा अवयव एक प्रतीक है, तो पांचवें अवयव को © के रूप में कूटबद्ध करें।
(iii) यदि चौथा अवयव एक प्रतीक है, तो पहले अवयव को © के रूप में कूटबद्ध करें।

संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?
4@951

Ans A). AM©KH B). ©MWKH C). AMWKH D). AMWK©

Correct Answer: D

Q.49 निम्नलिखित शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
11 13 20 22 29 31 ?

Ans A). 33 B). 38 C). 37 D). 35

Correct Answer: B

Q.50 अनीता, सुरेश की पत्नी है। सुरेश, महेश का भाई है। महेश, हरीश का पुत्र है। हरीश, काव्या का पिता है। अनीता का काव्या से क्या संबंध है?

Ans A). पुत्री B). पत्नी C). भाई की पुत्री D). भाई की पत्नी

Correct Answer: D

Section : **General Science**

Q.51 पादप कोशिका में कौन-सा कोशिकांग मुख्य रूप से प्रकाश संश्लेषण के लिए उत्तरदायी होता है?

Ans A). राइबोसोम B). हरित लवक C). केंद्रक D). माइटोकॉन्ड्रिया

Correct Answer: B

Q.52 दूरी-समय ग्राफ में, यदि वक्र एक सीधी रेखा नहीं है, तो यह _____ को निरूपित करता है।

Ans A). एकसमान चाल B). शून्य त्वरण के साथ गति C). विरामावस्था में पिंड D). असमान चाल

Correct Answer: D

Q.53 जिम्नोस्पर्म के बीजों को 'अनावृत (naked)' माना जाता है, क्यों?

Ans A). इनके बीज, बीजांडी शल्कों (cone scales) पर अनावृत रहते हैं। B). इनके बीज, गूदेदार फलों (fleshy fruits) के भीतर बंद रहते हैं।

C). निषेचन के बाद उनके बीज फलों के भीतर विकसित होते हैं। D). इनके बीज केवल कीट परागण के बाद बनते हैं।

Correct Answer: A

Q.54 यदि दो वस्तुओं के वेग-समय ग्राफ, समय अक्ष के समानांतर परंतु अलग-अलग ऊंचाई वाली सीधी रेखाएं हैं, तो यह दोनों वस्तुओं के बारे में क्या संकेत देता है?

Ans A). दोनों समान वेग से गतिमान हैं B). पूरे अंतराल के दौरान दोनों विराम पर हैं C). दोनों के वेग एकसमान हैं, परंतु परिमाण अलग-अलग हैं D). दोनों समान दर से त्वरित हो रही हैं

Correct Answer: C

Q.55 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम, प्रत्येक जीवाणु को नाइट्रोजन चक्र (नाइट्रोजन स्थिरीकरण, नाइट्रीकरण और विनाइट्रीकरण) में उसकी प्राथमिक भूमिका के साथ सही ढंग से सुमेलित करता है?

Ans A). ऐजोटोबेक्टर - नाइट्रोजन स्थिरीकरण, नाइट्रोबैक्टर - विनाइट्रीकरण, स्यूडोमोनास - नाइट्रीकरण

B). ऐजोटोबेक्टर - विनाइट्रीकरण, नाइट्रोबैक्टर - नाइट्रोजन स्थिरीकरण, स्यूडोमोनास - नाइट्रीकरण

C). ऐजोटोबेक्टर - नाइट्रीकरण, नाइट्रोबैक्टर - विनाइट्रीकरण, स्यूडोमोनास - नाइट्रोजन स्थिरीकरण

D). ऐजोटोबेक्टर - नाइट्रोजन स्थिरीकरण, नाइट्रोबैक्टर - नाइट्रीकरण, स्यूडोमोनास - विनाइट्रीकरण

Correct Answer: D

Q.56 मैग्नीशियम कार्बोनेट और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के बीच होने वाली अभिक्रिया के लिए संतुलित शब्द समीकरण (word equation) क्या है?

Ans A). मैग्नीशियम कार्बोनेट + हाइड्रोक्लोरिक अम्ल → मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड + जल B). मैग्नीशियम कार्बोनेट + हाइड्रोक्लोरिक अम्ल → मैग्नीशियम ऑक्साइड + हाइड्रोजन

C). मैग्नीशियम कार्बोनेट + हाइड्रोक्लोरिक अम्ल → मैग्नीशियम क्लोराइड + कार्बन डाइऑक्साइड + जल

D). मैग्नीशियम कार्बोनेट + हाइड्रोक्लोरिक अम्ल → मैग्नीशियम सल्फेट + ऑक्सीजन

Correct Answer: C

Q.57 कौन-सा कथन कोशिका विभाजन के संदर्भ में, सूत्रीविभाजन और अर्धसूत्री विभाजन के बीच मुख्य अंतर की व्याख्या करता है?

Ans A). सूत्रीविभाजन और अर्धसूत्री विभाजन दोनों गुणसूत्रों की संख्या को आधा कर देते हैं

B). सूत्रीविभाजन और अर्धसूत्री विभाजन दोनों समरूप आनुवंशिक पदार्थों वाली कोशिकाएं उत्पन्न करते हैं

C). सूत्रीविभाजन और अर्धसूत्री विभाजन दोनों एक जनक कोशिका से चार नई कोशिकाएं बनाते हैं

D). सूत्रीविभाजन कायिक कोशिकाओं में होता है, जबकि अर्धसूत्री विभाजन जनन कोशिकाओं में होता है

Correct Answer: D

Q.58 कौन-सा विवरण, थॉमसन के परमाणु मॉडल को सर्वोत्तम रूप में व्यक्त करता है?

Ans A). इलेक्ट्रॉन धन आवेशित गोले में अंतःस्थापित होते हैं। B). परमाणु एक ठोस, उदासीन गोला होता है जिसमें कोई कण नहीं होते हैं।

C). इलेक्ट्रॉन नाभिक के परितः वृत्तीय कक्षाओं में परिक्रमण करते हैं। D). परमाणु में केवल प्रोटॉनों से बना नाभिक होता है।

Correct Answer: A

Q.59 एक वस्तु एकसमान वेग से गतिमान है और उसे रोकने के लिए विपरीत दिशा में एक बल कार्य कर रहा है। इस बल द्वारा किए गए कार्य का चिह्न (sign) क्या होगा?

Ans A). धनात्मक, क्योंकि कार्य सदैव धनात्मक होता है। B). ऋणात्मक, क्योंकि बल गति का विरोध करता है। C). शून्य, क्योंकि वस्तु प्रारंभिक रूप से गतिमान है।

D). धनात्मक, क्योंकि वस्तु गतिमान है।

Correct Answer: B

Q.60 न्यूरॉन का कौन-सा भाग, अन्य कोशिकाओं तक संदेश प्रेषित करता है?

Ans A). कोशिका पिंड B). द्रुमिका C). केंद्रक D). तंत्रकाक्ष

Correct Answer: D

Q.61 रक्त और उसके निकट की ऊतक कोशिकाओं के बीच पदार्थों के विनिमय के लिए किन रक्त वाहिकाओं की भित्तियाँ अत्यधिक पतली होती हैं?

Ans A). धमनियां B). शिराएं C). केशिकाएं D). महाशिरा

Correct Answer: C

Q.62 हाइपरमेट्रोपिया (दूरदृष्टिता) से पीड़ित एक व्यक्ति को अपनी दृष्टि सुधारने के लिए लेंस लगवाने की सलाह दी जाती है। उसके चश्मे में किस प्रकार का लेंस और क्रियाविधि प्रयुक्त होती है?

Ans A). अवतल लेंस; अभिसारी क्रियाविधि B). अवतल लेंस; अपसारी क्रियाविधि C). उत्तल लेंस; अभिसारी क्रियाविधि D). उत्तल लेंस; अपसारी क्रियाविधि

Correct Answer: C

Q.63 तांबे के विद्युत-अपघटनी परिष्करण में, कैथोड के रूप में किस सामग्री का उपयोग किया जाता है?

Ans A). कार्बन रॉड B). सिल्वर रॉड C). अशुद्ध तांबा D). शुद्ध तांबा

Correct Answer: D

Q.64 कक्ष ताप पर निम्नलिखित में से किसके, जल में पूर्णतः विलीन होने की सर्वाधिक संभावना है?

Ans A). शर्करा B). रेत C). तेल D). रबर

Correct Answer: A

Q.65 किसी धारावाही सीधे चालक को एकसमान चुंबकीय क्षेत्र में रखा जाता है। यदि चुंबकीय क्षेत्र को अपरिवर्तित रखते हुए धारा की दिशा को उत्क्रमित कर दिया जाए, तो चालक पर बल की दिशा किस प्रकार परिवर्तित हो जाएगी?

Ans A). बल समान दिशा में कार्य करेगा, परंतु उसका परिमाण कम हो जाएगा। B). बल विपरीत दिशा में कार्य करेगा, परंतु उसका परिमाण बढ़ जाएगा।

C). धारा की दिशा परिवर्तित होने के कारण बल शून्य हो जाएगा। D). बल विपरीत दिशा में कार्य करेगा, जबकि उसका परिमाण अपरिवर्तित रहेगा।

Correct Answer: D

Q.66 एक विद्यार्थी को रेत, लवण और जल का मिश्रण दिया जाता है। शुद्ध रेत और शुद्ध लवण प्राप्त करने हेतु सभी घटकों को पृथक करने के लिए चरणों का कौन-सा अनुक्रम सर्वाधिक उपयुक्त होगा?

Ans A). मिश्रण को तप्त करना और द्रव का निस्तारण करना B). मिश्रण को शीतित करना, तत्पश्चात विलयन का निस्यंदन करना

C). चुंबक का उपयोग करना, तत्पश्चात मिश्रण को शीतित करना D). मिश्रण का निस्यंदन करना, तत्पश्चात निस्यंद से जल को वाष्पित करना

Correct Answer: D

Q.67 एक विद्यार्थी को अवतल दर्पण का उपयोग करके उसके मुख्य फोकस की स्थिति ज्ञात करने हेतु एक प्रयोग डिजाइन करने के लिए कहा जाता है। वह प्रकाश के एक समानांतर किरण-पुंज को दर्पण पर डालती है और परावर्तित किरणों को एक बिंदु पर मिलते हुए देखती है। दर्पण के अभिलक्षणों के संदर्भ में इस बिंदु का वर्णन किस प्रकार किया जाना चाहिए?

Ans A). यह मुख्य अक्ष पर एक यादृच्छिक बिंदु है B). यह अवतल दर्पण का मुख्य फोकस है C). यह अवतल दर्पण का ध्रुव है D). यह दर्पण का वक्रता केंद्र है

Correct Answer: B

Q.68 यदि किसी चालक के अनुप्रस्थ काट से प्रति मिनट 3 A धारा पारेषित हो रही है, तो उसमें पारेषित होने वाला आवेश कितना होगा?

Ans A). $180.0\ C$ B). $3.0\ C$ C). $60.0\ C$ D). $90.0\ C$

Correct Answer: A

Q.69 कोई विद्यार्थी एक कमरे से दूसरे कमरे में ध्वनि संचारित करने के लिए विभिन्न सामग्रियों को अवरोधक के रूप में उपयोग करके एक प्रयोग करता है। कौन-सी सामग्री ध्वनि संचरण को सर्वाधिक प्रभावी ढंग से रोकने की संभावना रखती है?

Ans A). कमरों के बीच अच्छी तरह से तनी हुई प्लास्टिक शीट B). कमरों के बीच लटका हुआ ढीला सूती कपड़ा C). कमरों के बीच रखी गई मोटी रबर शीट

D). कमरों के बीच रखा गया पतला लकड़ी का बोर्ड

Correct Answer: C

Q.70 एक ट्रेन 30 km/h की चाल से 60 km चलती है, 1h के लिए रुकती है, और फिर 45 km/h की चाल से 90 km की दूरी तय करती है। संपूर्ण यात्रा के लिए औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 30 km/h B). 20 km/h C). 50 km/h D). 40 km/h

Correct Answer: A

Q.71 गति के तीनों समीकरणों में, त्वरण को _____ माना जाता है।

Ans A). नियत B). ह्रासमान C). यादृच्छिक D). वर्धमान

Correct Answer: A

Q.72 व्यायाम के दौरान श्वसन और परिसंचरण तंत्र एक साथ किस प्रकार कार्य करते हैं?

Ans A). ऊर्जा उत्पादन के लिए कार्बन डाइऑक्साइड का उपयोग किया जाता है B). रक्त फेफड़ों से पेशियों तक ऑक्सीजन का वहन करता है

C). हृदय फेफड़ों से ऑक्सीजन अवशोषित करता है D). पेशियां ऑक्सीजन को वापस फेफड़ों में भेजती हैं

Correct Answer: B

Q.73 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प यह स्पष्ट करता है कि जंतुओं में लैंगिक जनन से उत्पन्न संतानें सामान्यतः अपने जनकों के समरूप क्यों नहीं होती हैं?

Ans A). यह सदैव आनुवंशिक रूप से समरूप युग्मकों को उत्पन्न करता है। B). यह दो भिन्न जनकों से आनुवंशिक पदार्थ को संयोजित करता है।

C). इसमें केवल एक जनक शामिल होता है और कोई आनुवंशिक सम्मिश्रण नहीं होता। D). यह केवल प्रभावी जनक के विशेषकों को आगे भेजता है।

Correct Answer: B

Q.74 एक ब्लॉक किसी घर्षणहीन पृष्ठ पर विरामावस्था में है। एक निश्चित अवधि के लिए नियत बल अनुप्रयुक्त करने पर, ब्लॉक एक अंतिम वेग के साथ गति करता है। ब्लॉक की गति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा अनुमान, न्यूटन के गति के नियमों द्वारा समर्थित है?

Ans A). बल को उपेक्षित रखते हुए ब्लॉक के वेग में कोई परिवर्तन नहीं होता है B). बल अनुप्रयुक्त करने के दौरान ब्लॉक का वेग यादृच्छिक रूप से घटता-बढ़ता है

C). बल केवल ब्लॉक की दिशा परिवर्तित करता है, उसकी चाल को नहीं D). जब तक कि बल अनुप्रयुक्त किया जाता है, तब तक गुटके का वेग एकसमान रूप से बढ़ता है

Correct Answer: D

Q.75 निम्नलिखित में से किस परिदृश्य में किसी वस्तु की किसी दिए गए निर्देश बिंदु के सापेक्ष गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा शून्य होती है?

Ans A). जब वस्तु, निर्देश बिंदु के ऊपर क्षैतिज रूप से गतिमान हो B). जब वस्तु, निर्देश बिंदु के नीचे हो C). जब वस्तु, निर्देश बिंदु के ऊपर हो

D). जब वस्तु, निर्देश बिंदु के समान स्तर पर हो

Correct Answer: D

Q.76 उत्तरी गोलार्ध में ग्रहीय पवनें अपनी गति की दिशा के सापेक्ष सदैव दाईं ओर क्यों मुड़ जाती हैं?

Ans A). पृथ्वी का परिक्रमण B). पृथ्वी का घूर्णन C). वायुमंडलीय दाब D). गुरुत्वीय कर्षण

Correct Answer: B

Q.77 निम्नलिखित में से कौन-सा, भौतिक विज्ञान के अनुसार कार्य न किए जाने का सर्वोत्तम उदाहरण है?

Ans A). कोई व्यक्ति बिना गति किए एक बैग पकड़े रहता है B). एक व्यक्ति सड़क पर कार्ट खींचता है C). एक विद्यार्थी पुस्तक को उठाकर शेल्फ पर रखता है D). कोई बच्चा फर्श पर बॉक्स को धक्का देता है

Correct Answer: A

Q.78 परमाणु में कौन-सा अवपरमाण्विक कण, ऋणात्मक आवेश वहन करता है?

Ans A). पॉजिट्रॉन B). न्यूट्रॉन C). प्रोटॉन D). इलेक्ट्रॉन

Correct Answer: D

Q.79 निम्नलिखित में से कौन-सा मॉलों में सुरक्षा दर्पण के रूप में उत्तल दर्पण के उपयोग का सही कारण है?

Ans A). यह सीधे और छोटे प्रतिबिंब का निर्माण करता है। B). यह पड़ने वाले प्रकाश को अभिसारित करता है। C). यह वास्तविक और बड़े प्रतिबिंब का निर्माण करता है। D). यह उल्टे प्रतिबिंब का निर्माण करता है।

Correct Answer: A

Q.80 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, सभी कार्बनिक यौगिकों द्वारा साझा की गई विशेषता का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans A). वे कक्ष ताप पर केवल गैसों के रूप में मौजूद होते हैं B). वे सदैव जल में विलेय होते हैं C). उनमें अन्य तत्वों से बद्ध कार्बन परमाणु होते हैं D). उन सभी में नाइट्रोजन परमाणु होते हैं

Correct Answer: C

Q.81 एक विद्यार्थी नीले लिटमस पत्र पर नींबू का रस डालता है और देखता है कि यह लाल हो जाता है। pH स्केल के आधार पर, नींबू के रस के pH के बारे में क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

Ans A). नींबू के रस का pH, 7 से कम है। B). नींबू के रस का pH, 7 से अधिक है। C). नींबू के रस का pH स्केल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। D). नींबू के रस का pH ठीक 7 है।

Correct Answer: A

Q.82 निम्नलिखित में से कौन सी विधि, जैवअनिम्ननीय पदार्थों के निपटान के लिए उपयोग नहीं की जाती है?

Ans A). पुनः उपयोग (Reuse) B). लैंडफिल करना (Landfilling) C). पुनर्चक्रण (Recycle) D). कंपोस्ट बनाना (Making Compost)

Correct Answer: D

Q.83 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सर्वोत्तम तरीके से वर्णन करता है कि जब अम्ल जल में विलीन हो जाता है तो क्या होता है?

Ans A). यह प्रत्यक्ष रूप से जल में लवण आयन बनाता है। B). यह विलयन में हाइड्रोजन आयन (H+) मुक्त करता है। C). यह विलयन में हाइड्रॉक्साइड आयन (OH-) बनाता है। D). यह विलयन में धातु आयन का उत्पादन करता है।

Correct Answer: B

Q.84 किसी जीव को एक जगत में रखने के बाद, पदानुक्रमिक वर्गीकरण प्रणाली में अगला वर्गिकीय पद (rank) कौन-सा है?

Ans A). विशिष्ट अभिलक्षणों का उपयोग करके जीव को सीधे एक वर्ग (क्लास) में रखना B). व्यापक साझा विशेषकों के आधार पर जीव का एक संघ (फाइलम) निर्धारित करना C). सीधे उस कुल (फैमिली) को निर्धारित करना जिससे वह संबंधित है D). अन्य संवर्गों पर विचार करने से पहले वंश (जीनस) की पहचान करना

Correct Answer: B

Q.85 जन्म के तुरंत बाद स्तनपान कराने की अनुसंशा करने का मुख्य कारण निम्नलिखित में से क्या है?

Ans A). यह शिशु की दृष्टि में सुधार करता है B). यह शिशु का रुधिर वर्ग बदलता है C). यह शिशु में बालों की वृद्धि को बढ़ाता है D). यह प्रतिरक्षी और आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है

Correct Answer: D

Q.86 यदि दिया गया है कि कैल्शियम की संयोजकता 2 और फॉस्फेट की संयोजकता 3 है, तो कैल्शियम फॉस्फेट का सही रासायनिक सूत्र क्या है?

Ans A). $Ca_2(PO_4)_3$ B). $Ca_3(PO_4)_2$ C). $Ca_2(PO_4)_2$ D). $Ca(PO_4)_3$

Correct Answer: B

Q.87 रासायनिक समीकरण को संतुलित करने का प्रथम चरण क्या है?

Ans A). दोनों ओर के आवेशों को बराबर करना B). सही ढांचागत समीकरण लिखना C). पदार्थों की भौतिक अवस्थाओं का उल्लेख करना D). सबसे पहले हाइड्रोजन के गुणांक जोड़ना

Correct Answer: B

Q.88 प्रयोगशाला सेटअप में एथेनॉल और जल के मिश्रण को पृथक करने के लिए कौन-सी विधि सर्वाधिक उपयुक्त है?

Ans A). साधारण आसवन B). वर्णलेखिकी C). निस्यंदन D). वाष्पन

Correct Answer: A

Q.89 अमोनिया (NH_3) के एक नमूने में 12 अणु हैं। इस नमूने में कितने नाइट्रोजन परमाणु उपस्थित हैं?

Ans A). 3 नाइट्रोजन परमाणु B). 24 नाइट्रोजन परमाणु C). 36 नाइट्रोजन परमाणु D). 12 नाइट्रोजन परमाणु

Correct Answer: D

Q.90 महासागरीय धारा का सर्वोत्तम वर्णन क्या है?

Ans A). महासागरीय क्षेत्र में अपरिवर्ती क्षेत्र B). महासागरीय जल की असीम मात्रा का निरंतर प्रवाह C). महासागर में लवण रहित क्षेत्र D). महासागर में तैरते पौधों का संग्रह

Correct Answer: B

Section : **General Awareness**

Q.91 किस संगठन ने 10 और 11 जून, 2026 को लगातार तीन फ्लाइट-टेस्ट सफलतापूर्वक किए, जो लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के विरुद्ध मल्टी-लेयर्ड डिफेंस क्षमता के साथ-साथ मध्यम दूरी की एंटी-शिप क्षमता को प्रदर्शित करते हैं?

Ans A). भारत डायनेमिक्स लिमिटेड B). रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन C). हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड D). भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन

Correct Answer: B

Q.92 केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित खेलो इंडिया मिशन, निम्नलिखित में से किसके व्यवस्थित विकास पर विशेष बल देता है?

Ans A). एडवेंचर टूरिज्म और इको-स्पोर्ट्स B). खेल प्रतिभा, कोच और सहायक कर्मचारी C). फिल्म निर्माण और खेल प्रसारण D). केवल अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन प्रबंधन

Correct Answer: B

Q.93 मार्च 2026 में किस बैंक को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निष्क्रिय खातों और बिना दावे वाली जमा राशियों से संबंधित नियमों का पालन न करने के लिए ₹31.80 लाख के जुर्माने के साथ दंडित किया गया था?

Ans A). भारतीय स्टेट बैंक B). ICICI बैंक C). HSBC इंडिया D). HDFC बैंक

Correct Answer: C

Q.94 अप्रैल 2026 में नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में किसे नियुक्त किया गया, जिनकी व्यक्तिगत यात्रा को प्रधानमंत्री मोदी ने "बहुत प्रेरणादायक" बताया?

Ans A). डॉ. गोबर्धन दास B). प्रो. अभय करंदीकर C). डॉ. अशोक लाहिड़ी D). डॉ. राजीव गौबा

Correct Answer: A

Q.95 मार्च 2026 में रूपा पब्लिकेशन्स द्वारा प्रकाशित आत्मकथा 'ट्रायम्फ ऑफ द इंडियन रिपब्लिक: माई लाइफ, माई स्ट्रगल्स (Triumph of the Indian Republic: My Life, My Struggles)' के लेखक कौन हैं?

Ans A). प्रणब मुखर्जी B). राम नाथ कोविंद C). प्रतिभा देवीसिंह पाटिल D). डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

Correct Answer: B

Q.96 मई 2026 में, एन. रंगासामी (N. Rangasamy) ने पुडुचेरी के मुख्यमंत्री के रूप में लगातार कौन-से कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण की?

Ans A). छठे कार्यकाल B). तीसरे कार्यकाल C). चौथे कार्यकाल D). पांचवें कार्यकाल

Correct Answer: D

Q.97 3 दिसंबर 2025 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाए गए 'अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस' (IDPD) का आधिकारिक विषय (theme) क्या था?

Ans A). दिव्यांगजनों के लिए प्रौद्योगिकी तक समान पहुँच सुनिश्चित करना B). सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए दिव्यांगता-समावेशी समाजों को बढ़ावा
C). एक समावेशी विश्व की ओर दिव्यांगजनों का नेतृत्व और भागीदारी D). दुनिया भर में दिव्यांगजनों के लिए समावेशी शिक्षा का निर्माण करना

Correct Answer: B

Q.98 शिक्षा मंत्रालय ने IIT कानपुर के सहयोग से एक नि:शुल्क डिजिटल अधिगम प्लेटफॉर्म विकसित किया है जो JEE और NEET जैसी प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए वीडियो व्याख्यान, मॉक टेस्ट, अध्ययन सामग्री और विगत वर्षों के प्रश्न-पत्र उपलब्ध कराता है। इस प्लेटफॉर्म का नाम क्या है?

Ans A). स्वयं ऐप (SWAYAM App) B). दीक्षा ऐप (DIKSHA App) C). उमंग ऐप (UMANG App) D). साथी ऐप (SATHEE App)

Correct Answer: D

Q.99 जून 2026 में, केंद्र सरकार ने भारत के सबसे पुराने अंतर-राज्यीय जल विवाद न्यायाधिकरणों में से किन दो का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया?

Ans A). कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण एवं महादायी न्यायाधिकरण B). गोदावरी जल विवाद न्यायाधिकरण एवं नर्मदा न्यायाधिकरण
C). रावी और ब्यास न्यायाधिकरण एवं कृष्णा जल विवाद न्यायाधिकरण D). महानदी जल विवाद न्यायाधिकरण एवं वंशधारा न्यायाधिकरण

Correct Answer: C

Q.100 जुलाई 2026 में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन की गई, CG सेमी आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (OSAT) सुविधा, गुजरात के किस शहर में स्थित है?

Ans A). साणंद (Sanand) B). सूरत (Surat) C). गांधीनगर (Gandhinagar) D). धोलेरा (Dholera)

Correct Answer: A

"